ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 02-07-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-07-02 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-07-03	2021-07-04	2021-07-05	2021-07-06	2021-07-07
वर्षा (मिमी)	5.0	15.0	8.0	20.0	25.0
अधिकतम तापमान(से.)	37.0	36.0	36.0	35.0	35.0
न्यूनतम तापमान(से.)	29.0	28.0	28.0	27.0	26.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	80	85	80	80	80
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	55	60	55	55	60
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	14.0	14.0	12.0	12.0	14.0
पवन दिशा (डिग्री)	130	130	130	120	120
क्लाउड कवर (ओक्टा)	3	4	2	5	6

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (25 twu – 1 tqykbZ, 2021) में 0.0 मिमी वर्षा होने व आसमान मेआंशिक से e/;e बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 34.2 से 38.5 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 25.4 से 28.9 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 70 से 85 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 48 से 63 प्रतिशत एवं हवा 2.4 से 6.2 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व व पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 35.0 से 37.0 व 26.0 से 29.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 12.0-14.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। | ईआरएफएस के अनुसार, 7 से 13 जुलाई के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम, अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक एवम् न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं। चेतावनीः आज कहीं-हींकहीं हवा के तेज गति से लगभगा 50-60 किमी प्रति घंटे की गति से चलने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

कोरोना (कोविड-19) की दूसरी लहर व इसके गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.1-0.4 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में हल्की नमी की स्थिति दर्शाता है।

लघु संदेश सलाहकार:

2 से 4 जुलाई को कहीं-कहीं हल्की वर्षा, तद्पश्चात् 5 व 6 जुलाई को मध्यम वर्षा (लगभग 20-25 मिमी) होने की सम्भावना है। आज कहीं-कहीं हवा के तेज गति से (50-60 किमी/घंटे) की गति से चलने की चेतावनी है|

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
अरहर (लाल चना/ अरहर)	देर से पकने वाली प्रजातियों की बुवाई, मौसम को ध्यान में रखकर जुलाई माह के प्रथम पखवाड़े में समाप्त कर लें।
मक्का	मैदानी क्षेत्रों में मक्का की बुवाई इस सप्ताह पूर्ण करें। बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
चावल	धान की फसल की रोपाई आगामी जुलाई माह में पूर्ण कर लें तथा धान की सीधी बुवाई जुलाई माह के प्रथम सप्ताह तक कर सकते है। धान की रोपाई से पूर्व खेत मे सिंचाई के लिए नाली तथा जल निकास की समुचित व्यवस्था करें। धान की मध्यम अवधि वाली किस्मो की रोपाई जुलाई के प्रथम सप्ताह तक तथा शीघ्र पकने वाली किस्मो की रोपाई जुलाई के तीसरे सप्ताह तक अवश्य पूरा कर ले। लेव लगाने के 10-15 घंटे बाद रोपाई करें। धान की रोपाई से पहले उसकी जड़ों को कार्बेन्डाजीम 1 ग्राम/लीटर के घोल में आधे घण्टे तक भिगोने के बाद रोपाई करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
पालक	मैदानी क्षेत्रों में चैलाई की बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
शिमला मिर्च	शिमला मिर्च में कॉलर रॉट का प्रकोप होने परए रिडोमिल गोल्ड का 2 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से स्टिकर के साथ स्प्रे करें। छिड़काव मौसम साफ रहने पर ही करें।
नींबू	जल निकास हेतु नालियो की सफाई करें। नये बाग लगाने का कार्य शुरू करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भैंस	जुलाई महीना गाय/भैंसों की ब्याने का समय होता है अतः प्रसव प्रकोष्ठ को साफ-सुथरा करके इस्तेमाल हेतु तैयार रखें।